दूरभाष– 2286709
फैक्स–0522–2286711
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,उ.प्र.
नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
www.sudaup.org, e mail-sudauplko@yahoo.com

पत्रांक 784/04/सात/रि.यो./2014–15–।। दिनांक ~~मई, 2015~~ 01/6/15

अति महत्वपूर्ण

आदेश

मोटर/बैटरी चालित ई–रिक्शा की आपूर्ति, उनकी विस्तृत वारंटी, अनुरक्षण सेवा एवं बैटरी चार्जिंग सेन्टर्स की स्थापना के संदर्भ में दिनांक 28.3.2015 को प्रकाशित निविदा संदर्भ संख्या–3/RICKSHAW-YOJNA/UPGOVT/2015 में प्राप्त कुल 08 निविदा प्रदाता कम्पनियो की तकनीकी निविदाओं का मूल्यांकन शासन द्वारा नामित परामर्शी संस्था/तकनीकी विषय–विशेषज्ञ से कराया गया। निविदा समिति द्वारा दिनांक 16.5.2015 को मूल्यांकन आख्या पर विमर्शोंपरान्त दो कम्पनी– कमशः काइनैटिक ग्रीन, पुणे एवं इलेक्ट्रोथर्म, अहमदाबाद की तकनीकी निविदा को वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु अर्ह पायी गयीं।

निविदा समिति द्वारा अपनी संस्तुति/आख्या शासन को सन्दर्भित की गयी।शासन द्वारा दी गयी स्वीकृति के उपरान्त दिनांक 21.05.2015 को निविदा समिति द्वारा पूर्वोक्त दोनो कम्पनियों की वित्तीय निविदा खोली गयीं।

उपरोक्त तारतम्य में प्रश्नगत निविदा संदर्भ संख्या–3/RICKSHAW-YOJNA/UPGOVT/2015 के अन्तर्गत ऐसे समस्त बिड प्रदाता कम्पनियों, जिनकी तकनीकी निविदा वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु नियमानुसार निर्धारित मानक पूर्ण न किये जाने के कारण अर्ह नही पायी गयी थीं, उन्हे सूचित किया जाता है कि कृपया अपने तकनीकी निविदा प्रस्ताव के साथ संलग्न किये गये **बैंक गारण्टी सम्बन्धी मूल प्रपत्र तत्काल किसी भी कार्य दिवस में सूडा मुख्यालय पर उपस्थित होकर अथवा अपने द्वारा अधिकृत किए गए प्रतिनिधि के माध्यम से प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। यदि प्रस्तुत सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर इंगित बैंक गारण्टी आपके/अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा प्राप्त नही की जाती है तो उसे बिड प्रपत्र में उल्लिखित कम्पनी के पते पर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित कर दिया जाएगा।**

निदेशक,सूडा